अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी द्वारा संपर्क कार्यालय लखनऊ एवं बीएसयूएल का दौरा

श्री राज कुमार चौधरी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 23 फरवरी 2024 को लखनऊ में बीएसयूएल (एनएचपीसी और यूपीनेडा का संयुक्त उद्यम) कार्यालय एवं संपर्क कार्यालय लखनऊ का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी महोदय ने श्री अनिल कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बीएसयूएल के नेतृत्व में बीएसयूएल टीम के साथ प्रगति समीक्षा बैठक की। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी महोदय ने एमएनआरई की सोलर पार्क योजना के तहत बीएसयूएल द्वारा विकसित किए जा रहे 1200 मेगावाट के जालौन सोलर पार्क के माधोगढ़ खंड का भी दौरा किया। सोलर पार्क के विकास के लिए निविदा प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। इस अवसर पर परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।

श्री राज कुमार चौधरी

realme 9 Pro 5G
2025.02.23 10:21

NHPC Limited
LIAISON OFFICE, LUCKNOW
एनएचपीसी
NHPC
एक नवरत्न कंपनी
BUNDELKHAND SAUR URJA LIMITED
Head Office, Lucknow

NHPC Limited
दिवस